बरेली, रविवार
1 जून, 2025
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 18+4+4=26

दैनिक जागरण

PAGE NO. 04, MIDDLE RIGHT

# मरीजों और तीमारदारों को दिलाई तंबाकू न खाने की शपथ



विश्व तंबाकू निषेध दिवस के मौके पर तंबाकू का सेवन नहीं करने की शपथ लेते एसआरएमएस मेडिकल कालेज के छात्र-छात्राएं व चिकित्सक • सौ. संस्थान

**बरेली :** एसआरएमएस मेडिकल कालेज में शनिवार को विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाया गया। आरआर कैंसर इंस्टीट्यूट एंड रिसर्च सेंटर के निदेशक कैंसर विशेषज्ञ प्रो. पियूष कुमार ने मरीजों और तीमारदारों को खुद तंबाकू न खाने और किसी अन्य को भी इसे न खाने से रोकने की शपथ दिलाई। ओंकोलाजी विभाग के डा. हिमांशी खट्टर, डा. अनीश एके, डा. सोमदत्ता सिंघा, डा. श्रद्धा श्रीवास्तव, डा. निहारिका जसूजा, डा. नितिन मालवीय, डा. श्वेता सिंह ने नुक्कड़ नाटक के जरिये तंबाकू खाने से होने वाले दुष्परिणामों को बताया। कैंसर विशेषज्ञ डा. प्राची भारद्वाज, डा. आरपी सिंह, प्राचार्य डा. एमएस बुटोला, डा. सीएम चतुर्वेदी, डा. अरविंद चौहान, डा. राशिका सचान, डा. अदादि श्रीनिवास नायडू आदि उपस्थित रहे। वि.